# भाजपा के नेतृत्व में शिष्टमंडल ने मुख्यमंत्री से की भेंट, किसानों की समस्याओं को बताया

**समाधान**

▶▶किसानों की समस्याओं का परीक्षण कर यथा सम्भव उचित समाधान निकालने का पूर्ण प्रयास किया जाएगा।




**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
मुख्यमंत्री से शनिवार को मुख्यमंत्री कैम्प कार्यालय में नैनीताल जनपद के भाजपा जिलाध्यक्ष प्रताप सिंह बिष्ट और मेयर हल्द्वानी डॉ. जोगेन्द्र सिंह रौतेला के नेतृत्व में शिष्टमंडल ने भेंट की। इस दौरान जनपद नैनीताल में रेरा (रियल एस्टेट रेगुलेटरी अथॉरिटी) से किसानों को आ रही समस्याओं से बताया। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार किसानों के सभी हितों को ध्यान में रखते हुए कार्य कर ही है। उन्होंने सचिव मुख्यमंत्री एस.एन पाण्डेय को निर्देश दिये कि नैनीताल क्षेत्रान्तर्गत किसानों को रेरा से जो भी समस्याएं आ रही हैं, जिलाधिकारी से रिपोर्ट लेकर पूरा परीक्षण किया जाए। उन्होंने कहा कि किसानों की समस्याओं का परीक्षण कर यथा सम्भव उचित समाधान निकालने का पूर्ण प्रयास किया जाएगा। सरकार की ओर जो भी निर्णय लिये जा रहे हैं, वह जन भावनाओं के अनुरूप लिये जा रहे हैं। इस मौके विकास भगत, आनन्द रमवाल, मण्डल अध्यक्ष मुकेश बेलवाल, पूरन भगत, प्रमोद तौलिया, रविन्द्र रैकूनी , त्रिलोक नौला, साकेत अग्रवाल, उमेश शर्मा और अन्य प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## यमकेश्वर विधानसभा का विकास केवल भाजपा ने किया : भट्ट

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेन्द्र भट्ट ने यमकेश्वर के विकास पर प्रश्न उठाने वालों को कड़ा जवाब दिया है। उन्होंने कहा है कि यमकेश्वर का विकास केवल भाजपा के कार्यकाल में हुआ। शनिवार को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेन्द्र भट्ट ने देहरादून में कहा कि यमकेश्वर विधायक रेणु बिष्ट के यमकेश्वर विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों को लेकर सोशल मीडिया पर जो सवाल 22 वर्षों में खड़े किए गए थे, वह भी तब जब 22 सालों से यमकेश्वर विधानसभा में बीजेपी के ही विधायक चुनते आए हैं, उस पर पार्टी की तरफ से रेनू बिष्ट से स्पष्टीकरण मांगा गया था।

# लंगासू में शराब की दुकान खोलने का स्थानीय लोगों ने किया विरोध



**गोपेश्वर/टीम एक्शन इंडिया**
चमोली जिले के बदरीनाथ हाईवे स्थित लंगासू में शराब की दुकान खोले जाने के विरोध में शुक्रवार को क्षेत्रवासियों ने एक ज्ञापन शनिवार को जिलाधिकारी को सौंपते हुए शराब की दुकान को बंद करने की मांग की है।
टीका मैखुरी, राकेश कुमार डिमरी का कहना है कि वर्तमान में नंदप्रयाग की शराब की उप दुकान लंगासू में खोली गई है। जो कि सरासर गलत है। उनका कहना है कि अभी तक शराब की दुकान न होने से क्षेत्र में शांति का माहौल बना हुआ है साथ ही युवा पीढ़ी काफी हद तक नशे से दूर है लेकिन अब जब यहां पर शराब की दुकान खुल जायेगी तो नजदीक के गांव के ग्रामीणों के साथ ही युवा पीढ़ी पर भी इसका विपरीत असर पडेगा। साथ ही उनका कहना है कि जहां पर शराब की दुकान खोली गई है, उससे डेढ़ सौ मीटर की दूरी पर मां चंडिका का मंदिर है जो स्थानीय लोगों के साथ ही क्षेत्रवासियों की आस्था का प्रतीक है। शराब की दुकान यहां पर खुलने से लोगों की आस्था को भी ठेस पहुंच रही है। उन्होंने जिलाधिकारी से मांग की है कि शराब की दुकान को क्षेत्र से ही बंद कर दिया जाए।
ज्ञापन देने वालों में राकेश कुमार डिमरी, टीका प्रसाद मैखुरी, प्रकाश डिमरी, विनोद दत्त, योगेंद्र रावत, आशा गोस्वामी आदि शामिल थे।

## न्यूज फ्लैश

### फिजिक्स वाला ने देहरादून में तकनीक-सक्षम ऑफलाइन सेंटर पीडब्ल्यू विद्यापीठ का शुभारंभ किया

**देहरादून।** फिजिक्स वाला भारत में बड़े पैमाने पर शिक्षा को उदार बनाने वाला अग्रणी यूनिकॉर्न एड-टेक कंपनी है। इसने शहर में एक नया तकनीक से सुसज्जित ऑफलाइन सेंटर, पीडब्ल्यू विद्यापीठ की शुरूआत की है। पीडब्ल्यूएनएसएटी 2023 के माध्यम से छात्रों के पास 100 प्रतिशत तक छात्रवृत्ति प्राप्त करने का अवसर है। पीडब्ल्यूएनएसएटी के माध्यम से पीडब्ल्यू मेधावी छात्रों को 200 करोड़ रुपये की छात्रवृत्ति प्रदान कर रहा है। परीक्षा ऑफलाइन और ऑनलाइन दोनों मोड में आयोजित की जाएगी। यह कक्षा 6 से 12 तक के छात्रों के साथ ड्रॉपर्स के लिए भी उपलब्ध होगी, जो जेईई या नीट की तैयारी करने के इच्छुक हैं। विद्यापीठ ऑफलाइन, पीडब्ल्यू के सीईओ अंकित गुप्ता ने कहा कोविड के बाद शिक्षा का नया रूप विकसित हुआ है। छात्र अब ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों तरह से सीखने का फायदा उठाना चाहते हैं। पीडब्ल्यू का दृढ़ विश्वास है कि हाइब्रिड दृष्टिकोण अपनाकर आगे बढ़ा जा सकता है। हम शहरों में तकनीकी-सक्षम ऑफलाइन विद्यापीठ सेंटर्स खोलकर छात्रों को उनके ही कस्बों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देना चाहते हैं। जिससे उन्हें दूर दूसरे शहरों के शिक्षा केंद्रों में जाने की जरूरत न पड़े। हमारा लक्ष्य छात्रों को और अधिक सपोर्ट देना है। पीडब्ल्यू एनएसएटी परीक्षा के माध्यम से इंजीनियरिंग या चिकित्सा की पढ़ाई करने के उनके सपनों को पूरा करने में मदद करना है। जिसके लिए हम इस वर्ष 200 करोड़ की छात्रवृत्ति प्रदान कर रहे हैं। पीडब्ल्यू एनएसएटी परीक्षा 1, 8 और 15 अक्टूबर 2023 को ऑफलाइन मोड में आयोजित की जाएगी और ऑनलाइन मोड में छात्र 1 से 15 अक्टूबर 2023 तक परीक्षा दे सकते हैं। परीक्षा के लिए पंजीकरण पीडब्ल्यू वेबसाइट, ऐप या निकटतम ऑफलाइन विद्यापीठ सेंटर पर 15 अक्टूबर, 2023 तक कराया जा सकता है। परीक्षा के परिणाम 20 अक्टूबर, 2023 को घोषित किए जाएंगे। इस शैक्षणिक सत्र के लिए क्लासेज अक्टूबर 2023 से शुरू होंगी। इस बीच, छात्र शहर में शीघ्र खुल रहे विद्यापीठ सेंटर में स्थित सूचना केंद्रों पर जाकर प्रवेश, छात्रवृत्ति, पंजीकरण, पाठ्यक्रम, शुल्क, परामर्श और सम्बंधित अन्य जरूरी विषयों पर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। पीडब्ल्यू विद्यापीठ इस समय भारत में 67 सेंटर्स संचालित कर रहा है, जिसमें लगभग डेढ़ लाख छात्र हैं। फिजिक्स वाला (पीडब्ल्यू) अपनी ऑफलाइन उपस्थिति का विस्तार कर रहा है। इस वर्ष इसके 26 और ऑफलाइन सेंटर खुल रहे हैं। ऑफलाइन विद्यापीठ सेंटर्स एक विस्तृत पाठ्यक्रम उपलब्ध कराते हैं, जिसमें जेईई्नीट की तैयारी हेतु छात्रों को सीखने के लिए सभी आवश्यक चीजें शामिल हैं। फिजिक्स वाला लगातार उत्कृष्ट परिणाम देता रहा है।

### ब्राह्मण वर्ग पर की गई टिप्पणी पर भड़के सेमवाल

**देहरादून।** पंडित सदानन्द सेमवाल ने कहा है कि धर्म की नगरी हरिद्वार के पुज्य संत पुण्य नंद गिरी ने जो ब्राह्मण समाज के लिए अमर्यादित शब्दों का प्रयोग किया हे। उससे ब्राह्मण समाज बहुत नाराज हैं। स्वयं एक संत होकर उनका इस प्रकार के शब्दों का वर्णन शोभा नहीं देता। ब्राह्मणों को घोड़ा गाँधा कहना बहुत अमर्यादित है। ब्राह्मण समाज बहुत आक्रोश है अगर वह माफी नहीं मांगते हैं। तो देहरादून का ब्राह्मण समाज उनके खिलाफ पुतला दहन करेंगे और धरना देंगे। सेमवाल जी ने कहा है शास्त्रों मे ब्राह्मण को कहा गया है।

पृथिव्यां यानी तीर्थानि तानी तीर्थानि सागरे ।
सागरे सर्वतीर्थानि पादे विप्रस्य दक्षिणे ।।
चौत्रमाहात्मये तीर्थानि दक्षिणे पादे वेदास्तन्मुखमाश्रिताः ।
सर्वांगेष्वाश्रिता देवाः पूजितास्ते तदर्चया ।।
अव्यक्त रूपिणो विष्णोः स्वरूपं ब्राह्मणा भुवि ।
नावमान्या नो विरोधा कदाचिच्छुभमिच्छता ।।

अर्थात पृथ्वी में जितने भी तीर्थ हैं वह सभी समुद्र में मिलते हैं और समुद्र में जितने भी तीर्थ हैं वह सभी ब्राह्मण के दक्षिण पैर में है। चार वेद उसके मुख में हैं। अंग में सभी देवता आश्रय करके रहते हैं।

# शटर तोड़कर चोरों ने सामान और नकदी उड़ाई

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
चोरों ने एक दुकान का रात्रि में शटर तोड़कर वहां रखा सामान और नकदी पर हाथ साफ कर लिया। चोरी की यह वारदात वहां लगे सीसीटीवी में कैद हो गई। घटना कनखल थाना क्षेत्र के जगजीमपुर के राजा गार्डन की है। राजा गार्डन के पास स्थित एक परचून की दुकान में शुक्रवार रात चोरों ने दुकान का शटर तोड़कर चोरी की घटना को अंजाम दिया। चोरी की यह घटना सीसीटीवी में कैद हो गई। दुकान में चोरी का पता उस समय चला जब दुकान स्वामी सुबह दुकान खोलने के लिए पहुंचा। दुकान का शटर टूटा देख उसके होश उड़ गए। घटना की सूचना उसने तत्काल पुलिस को दी। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने घटना स्थल का मुआयना किया। दुकान में लगे सीसीटीवी फुटेज में चोर बेखौफ होकर दुकान में चोरी करता नजर आया। कनखल थाना प्रभारी नीतीश शर्मा ने बताया कि देर रात राजा गार्डन में परचून की दुकान में चोरी की सूचना चौकी जगजीतपुर में दी गई है। दुकान मालिक द्वारा दुकान में रखे सामान के साथ 7 हजार की नकदी चोरी की तहरीर दी गई है। फिलहाल सीसीटीवी के आधार पर चोरों की तलाश की जा रही है।

# पुलिस ने डोईवाला में पुतला दहन से लिया सबक

**ऋषिकेश/टीम एक्शन इंडिया**
डोईवाला में प्रदेश के मुख्यमंत्री का पुतला दहन किये जाने से सबक लेते हुए पुलिस ने यूथ कांग्रेस के ऋषिकेश में उत्तराखंड सरकार का पुतला दहन किए जाने के प्रयास को शनिवार को विफल कर दिया।
युवक कांग्रेस जिला प्रशासन को बिना सूचना दिए बिना देहरादून तिराहे पर आज दोपहर उत्तराखंड सरकार का पुतला दहन किये जाने का प्रयास किया, लेकिन इसकी की सूचना मिलते ही खुफिया विभाग और पुलिस पहले ही मौके पर पहुंच गई।
विधानसभा अध्यक्ष यूथ कांग्रेस ऋषिकेश गौरव राणा के नेतृत्व में दून तिराहे ऋषिकेश पर भाजपा सरकार का पुतला दहन किए जाने का प्रयास को विफल करते हुए उनसे पुतला छीन लिया। इसमें पुलिस और युवक कांग्रेस के कार्यकताओं के बीच में आपस में धक्का मुक्की भी हुई। पुलिस पुतला को छीनकर कोतवाली ले आयी। इसके पश्चात कांग्रेस ने देहरादून रोड कोतवाली ऋषिकेश के बाहर रोड पर बैठकर भाजपा सरकार मुदार्बाद, पुष्कर सिंह धामी मुदार्बाद पुलिस प्रशासन होश में आओ के नारे लगाए गए।
यह पुतला दहन कांग्रेस जिला अध्यक्ष परवादून मोहित उनियाल और किसान नेताओं का डोईवाला में मुख्यमंत्री उत्तराखंड सरकार का पुतला दहन किए जाने पर पुलिस के मुकदमा दर्ज किए जाने के विरोध में किया जा रहा था।
कार्यक्रम में सन्नी प्रजापति जिला अध्यक्ष यूथ कांग्रेस, गौरव राणा पूर्व प्रदेश सचिव यूथ कांग्रेस, इमरान सैफी प्रदेश सचिव यूथ कांग्रेस, सौरभ वर्मा, अभय वर्मा विश्वविद्यालय प्रतिनिधि, गौरव झा, आदित्य राज, हिमांशु कश्यप आदि मौजूद थे।




# लामबंद हों अतिक्रमण अभियान के पीड़ित : गणेश गोदियाल

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष गणेश गोदियाल ने उत्तराखंड में भारी बारिश के बीच चल रहे अतिक्रमण हटाओ अभियान पर प्रश्न खड़ा किया है। उनका मानना है कि सरकार लोगों को न्यायालय का सहारा लेकर परेशान कर रही है। उन्होंने प्रभावित लोगों से लामबंद होने की भी अपील की है।
शनिवार को राजधानी में मीडिया से बातचीत के दौरान पूर्व कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल ने इस अभियान पर सवाल खड़े करते हुए कहा कि सरकार कोर्ट के आदेश का हवाला देकर लोगों का उत्पीड़न कर रही है। यह स्थिति ठीक नहीं है। अकारण लोगों को परेशान करना अच्छे शासन का लक्षण नहीं है। उन्होंने कहा कि सरकार सालों से निवास कर रहे लोगों और व्यापारियों के व्यापार को खत्म कर रही है। एक तरफ सरकार पहाड़ों से पलायन रोकना चाहती है और दूसरी ओर सरकार लोगों को पलायन के लिए मजबूर कर रही है।
उन्होंने सरकार से अपील की है कि वह कानून लाकर लोगों को बचाए कहीं न्यायालय के कारण लोग अपनी जड़ों से उखड़ न जाए। उन्होंने सरकार से प्रभावितों को मुआवजा देने की मांग की है।



## करोड़पति बनाने का सपना दिखा की साढ़े तीन करोड़ की ठगी, जांच शुरू

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
करोड़पति बनाने के सपने दिखाकर साढे.तीन करोड़ रुपये की ठगी करने का एक मामला प्रकाश में आया है। पुलिस ने इसकी जांच शुरू कर दी है। इस प्रकरण के अनुसार दिल्ली निवासी रमेश मिनोचा ने थाना डालनवाला कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसका परिचय इन्द्रप्रीत सिंह कोहली निवासी जबलपुर मध्यप्रदेश से हुआ।
उन्होंने अनिल उपाध्याय और विजय उपाध्याय उर्फ विजू डंगवाल पुत्रगण ओम प्रकाश उपाध्याय हाल निवासी आर्य नगर डालनवाला देहरादून से करवाया था।

# भाजपा कार्यकर्ताओं ने प्रभावितों को हर संभव सहयोग का दिया आश्वासन दिया



**जोशीमठ/टीम एक्शन इंडिया**
भाजपा जोशीमठ के पदाधिकारियों और कार्यकताओं ने भूस्खलन प्रभावित क्षेत्र पगनो, गुलाबकोटी, पाखी आदि क्षेत्रों का स्थलीय भ्रमण कर ग्रामीणों की समस्याओं को सुना और ग्रामीणों को हर संभव सहायता का भरोसा दिलाया। सीमान्त प्रखंड जोशीमठ का पगनो गांव भूस्खलन की त्रासदी झेल रहा है। गांव के ऊपर से लगातार हो रहे भू कटाव के कारण पगनो गांव खतरे की जद में आ गया है। गांव के कई परिवारों को आसपास के सुरक्षित स्थानों पर शिफ्ट किया गया है। हालात इतने खराब हो चले हैं कि प्रभावित परिवार टेंटों और दूसरों के घरों में रहने को विवश हैं। हालांकि प्रशासन की टीम भी समय समय पर प्रभावित क्षेत्र में पहुंचकर राहत व बचाव कार्यों में जुटी है, जो भारी भूस्खलन की दृष्टि से नाकाफी है। भाजपा पदाधिकारियों ने प्रभावित ग्रामीणों को आश्वस्त करते हुए कहा कि भाजपा चमोली के जिलाध्यक्ष के माध्यम से शासन को वस्तुस्थिति से अवगत कराते हुए हर संभव सहायता की जाएगी।
भाजपा कार्यकताओं के दल में मंडल अध्यक्ष संदीप नौटियाल, महामंत्री प्रदीप फर्स्वाण, पूर्व मंडल अध्यक्ष जगदीश सती, जिला उपाध्यक्ष भगवती प्रसाद नंबूरी, जिला मंत्री लक्ष्मण फरकिया, नरेन्द्र राणा, प्रदीप,अजय पंवार, दिनेश रावत, बीरेंद्र पंवार, सूरज राणा व दिगम्बर सिंह राणा आदि शामिल थे।

# ऋषिकेश निगम आपदा प्रबंधन की बैठक में हंगामा

**ऋषिकेश/टीम एक्शन इंडिया**
शहर में प्राकृतिक आपदा के दौरान प्रभावित क्षेत्रों में जल भराव की समस्याओं का समाधान न किए जाने को महापौर ने नगर निगम के अधिकारियों के सिर पर ठीकरा फोड़ा और उन्हें तत्काल समस्या का समाधान किए जाने के लिए निर्देशित किया। इस बीच गंगानगर क्षेत्र में जल भराव से पीड़ितों ने सैकड़ों की संख्या में बैठक के बीच पहुंचकर हंगामा भी काटा ,जो समस्या के समाधान किए जाने तक हंगामा करते रहे। शनिवार को नगर निगम सभागार में महापौर अनीता ममगांई की अध्यक्षता में आपदा समीक्षा बैठक में तहसील प्रशासन, निगम प्रशासन, लोक निर्माण विभाग, सिंचाई विभाग, जल संस्थान सीवर सभी विभाग के अधिकारी मौजूद थे। महापौर ने कहा कि नगर निगम बोर्ड का 3 माह का समय शेष है, जिसके अंतिम 1 घंटे पहले तक सभी जनता को दिए गए कार्यों को पूरा किए जाने के आश्वासनों पर खरा उतरना है।वे इन्हें कार्यकाल समाप्ति के अंतिम 1 घंटे तक अधिकारियों का कान पकड़ करवाएंगी। उन्होंने कहा कि आज बारिश के कारण हुए पूरे क्षेत्र में जल भराव और आपदा की स्थिति पैदा हो गई है, जिसमें लोगों के मकान भी गिर रहे हैं। इसमें अधिकारियों की काफी लापरवाही कर रहे हैं ,जो जनता के हित में नहीं है। उन्होंने नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि जब अधिकारी जी-20 के दौरान विदेश से आने वाले मेहमानों की मेहमान नवाजी के लिए शहर को सुंदर बना सकते हैं, तो आपदा जैसी स्थिति में कार्य क्यों नहीं हो रहे हैं।



# उत्तराखंडः अब प्रदेश में बारिश का दौर होगा कमजोर

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
उत्तराखंड में अब बारिश से राहत मिलने के आसार हैं। प्रदेश में 28 अगस्त तक कहीं-कहीं गरज-चमक के साथ बारिश की बौछारों को लेकर येलो अलर्ट जारी किया गया है। बारिश कम होने की स्थिति में चारधाम सहित राज्य में अन्य स्थानों पर यात्रा कर सकते हैं। प्रदेश में 02 राष्ट्रीय राजमार्ग सहित कुल 158 अन्य सड़कें अवरुद्ध हैं।
शनिवार को देहरादून सहित प्रदेश भर में सुबह धूप निकली। हालांकि आसमान में बादल बने हुए हैं। सूर्यदेव के बादलों के बीच निकल रहे हैं। राजधानी में चिलचिलाती धूप निकली हुई है।



मौसम विभाग की ओर से जारी पूवार्नुमान में आज (शनिवार) और 28 अगस्त को उधमसिंह नगर और हरिद्वार को छोड़कर अन्य 11 जिलों में येलो अलर्ट और 27 अगस्त को राज्य भर के लिए येलो अलर्ट जारी है। इस दौरान बिजली चमकने के साथ कई दौर की बारिश होने की संभावना है। उत्तराखंड में जुलाई में 552.7 एमएम बारिश हुई थी जो सामान्य से 32 फीसदी अधिक है। जबकि, 25 अगस्त तक 342.3 एमएम बारिश हो चुकी है। यह सामान्य से पांच फीसदी अधिक है।
मौसम केन्द्र देहरादून के निदेशक बिक्रम सिंह का कहना है कि मानसून सीजन में तेज बारिश का मुख्य कारण पश्चिमी विक्षोभ और मानसूनी प्रणाली का सक्रिय प्रभाव है। अगले 08 से 10 दिन तक बारिश के कमजोर रहने की संभावना हैं। कुछ जगहों पर खासकर कुमाऊं रीजन के जिलों में हल्की से मध्यम बारिश होगी और धूप भी निकलेगी। इस दौरान राज्य में चारधाम सहित अन्य स्थानों की यात्रा कर सकते हैं।
राज्य आपदा परिचालन केन्द्र के सुबह जारी आंकड़े के मुताबिक प्रदेश में दो राष्ट्रीय राजमार्ग और 05 बॉर्डर व 08 राज्य मार्ग सहित लगभग 158 अन्य सड़कें अवरुद्ध हैं।
पिथौरागढ़ जिले में मोटर मार्ग-राष्ट्रीय राज मार्ग-1447 (बीआरओ) रामगंगापुल क्वीटी-बिर्थी मोटर मार्ग रामगंगापुल पर बनिक के पास वॉशआउट और बागेश्वर जिले में शामा रामगंगापुल. राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच-109) किमी. 88.900 में क्षतिग्रस्त होने के कारण यातायात अवरुद्ध है। सीमांत जिला पिथौरागढ़ में 05 बॉर्डर मार्ग भी बंद हैं। बंद मार्गों को खोलने का कार्य जारी है।

# एसडीआरएफ ने नहर में डूबे व्यक्ति का शव निकाला

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
नहर में डूबे डाकपत्थर निवासी एक व्यक्ति का शव एसडीआरएफ टीम ने बरामद कर लिया है। एसडीआरएफ प्रवक्ता ने बताया कि शनिवार को उन्हें जानकारी दी गई कि एक व्यक्ति डाकपत्थर क्षेत्रान्तर्गत शक्ति नहर में डूब गया है, जिसकी खोज के लिए एसडीआरएफ टीम की आवश्यकता है। इस पर अपर उप निरीक्षक सुरेश तोमर के सहयोगी रेस्क्यू उपकरणों के तत्काल घटनास्थल पर पहुंचे और संभावित स्थानों पर गहन खोज के बाद शव को शक्ति नहर से निकालकर पुलिस को सौंप दिया। मृतक की पहचान सिंघनीवाला निवासी 30 वर्षीय आमिर खान पुत्र आयूब के रूप हुई है।



# भारतीय पुरुष ब्लाइंड क्रिकेट टीम आईबीएसए विश्व खेलों के फाइनल में, पाकिस्तान से होगा सामना

**बर्मिंघम।** भारतीय पुरुष ब्लाइंड क्रिकेट टीम अपने शानदार प्रदर्शन के दम पर बांग्लादेश को 7 विकेट से हराकर यहां चल रहे इंटरनेशनल ब्लाइंड स्पोर्ट्स फेडरेशन (आईबीएसए) वर्ल्ड गेम्स 2023 के फाइनल में प्रवेश कर लिया।

विश्व खेलों के सेमीफाइनल मैच में भारत ने बांग्लादेश को निर्धारित 20 ओवरों में 144/6 रनों पर रोक दिया और फिर 18 गेंद शेष रहते लक्ष्य हासिल कर लिया। फाइनल में भारत शनिवार को पाकिस्तान से भिड़ेगा। पिछले सप्ताह जब दोनों टीमों ने अपना विश्व खेल अभियान शुरू किया था तब पाकिस्तान ने भारत को 18 रन से हराया था।



भारत अब चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान से बदला लेने की कोशिश करेगा क्योंकि दोनों टीमें आईबीएसए विश्व खेलों में दूसरी बार आमने-सामने होंगी।

मैच में पहले बल्लेबाजी करने उतरी बांग्लादेश की शुरुआत अच्छी रही और टीम ने पहले नौ ओवर में 2 विकेट पर 62 रन बना लिए। भारतीय गेंदबाजों ने लाइन और लेंथ कड़ी रखी और बांग्लादेश के बल्लेबाजों को खुलकर नहीं खेलने दिया।बांग्लादेश के लिए अच्छी बल्लेबाजी कर रहे आशिकुर रहमान 13वें ओवर में रन आउट हो गए, जिससे टीम का स्कोर 88/3 हो गया। इसके बाद एम आरिफ हुसैन और एस इस्लाम ने बांग्लादेश की पारी को संभाला और 56 रन की साझेदारी की। भारत ने बांग्लादेश को 150 रन से ऊपर नहीं जाने दिया और आखिरी ओवर में तीन विकेट लेकर टाइगर्स को 144/6 पर रोक दिया।

145 रनों का पीछा करते हुए, भारत ने तीसरे ओवर में पहला विकेट खो दिया, जब सिर्फ 17 रन बने थे। इसके बाद सुनील रमेश और नरेशभाई बालूभाई तुमदा ने 68 रन की साझेदारी करके भारत को लक्ष्य तक पहुंचाया।

आधी दूरी तक भारत का स्कोर 90/2 था और अंतिम 10 ओवरों में 55 रन और चाहिए थे। इसके बाद एनबी तुम्दा और दुर्गा राव टोम्पाकी ने 17वें ओवर में भारत को लक्ष्य तक पहुंचा दिया। वहीं, भारतीय महिला ब्लाइंड क्रिकेट टीम ने भी फाइनल के लिए क्वालीफाई कर लिया है और खिताबी मुकाबले में शनिवार को टीम एजबेस्टन क्रिकेट स्टेडियम में ऑस्ट्रेलिया का सामना करेगी।

## पशुपतिनाथ की पूजा करके एशिया कप खेलने पाकिस्तान पहुंची नेपाली क्रिकेट टीम

**काठमांडू।** पहली बार एशिया कप खेलने जा रही नेपाली क्रिकेट टीम ने कप्तान रोहित पौडेल के साथ पाकिस्तान रवाना होने से पहले पशुपतिनाथ मन्दिर में दर्शन किये। पाकिस्तान और श्रीलंका में 30 अगस्त से होने जा रहे एशिया कप क्रिकेट में भाग लेने के लिए नेपाली क्रिकेट टीम मुल्तान पहुंच चुकी है। नेपाली क्रिकेट टीम के खिलाड़ियों ने पाकिस्तान रवाना होने से पहले अपने कोच मोंटी देसाई के साथ काठमांडू के पशुपतिनाथ मन्दिर में विशेष पूजा की। मन्दिर के तरफ से सभी खिलाड़ियों और



कोच को रुद्राक्ष की माला प्रसाद के रूप में दी गई। यह पहली बार है जब नेपाली क्रिकेट टीम ने किसी एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच में खेलने के लिए क्वालीफाई किया है। पाकिस्तान और श्रीलंका में 30 अगस्त से होने जा रहे एशिया कप क्रिकेट में भाग लेने के लिए नेपाली क्रिकेट टीम मुल्तान पहुंच चुकी है। एशिया कप का पहला मुकाबला नेपाल और पाकिस्तान के बीच मुल्तान में ही खेला जाने वाला है। नेपाल का दूसरा मुकाबला भारत के साथ 4 सितम्बर को श्रीलंका के कैंडी में खेला जाएगा।

## भारतीय महिला हॉकी 5 टीम ने मलेशिया पर 7-2 से जीत के साथ विश्व कप क्वालीफायर की शुरुआत की

**नई दिल्ली।** भारत ने ओमान में मलेशिया के खिलाफ 7-2 की शानदार जीत के साथ महिला एशियाई हॉकी 5 विश्व कप क्वालीफायर में अपने अभियान की शुरुआत की। हॉकी 5 में प्रत्येक टीम में पांच-पांच खिलाड़ी होते है और इसका मैदान नियमित फील्ड हॉकी से छोटा होता है। भारत के लिए कप्तान नवजोत कौर (तीसरे, 28वें), अक्षता ढेकाले (चौथे), मरियाना कुजूर (17वें), मोनिका डी. टोप्पो (12वें, 20वें) और महिमा चौधरी (28वें) ने गोल किये। मलेशिया ने वान वान (सातवें) और अजीज जफिराह (11वें) गोल करने में सफल रही। भारतीय टीम ने मैच की शुरुआत से ही दबदबा बनाना शुरू कर दिया था। मैच के तीसरे और चौथे मिनट में नवजोत और अक्षता के गोल से टीम ने 2-0 की बढ़त बना ली।

मलेशिया ने वान और जफिराह के गोल से मैच में वापसी करते हुए स्कोर 2-2 कर दिया। भारत ने इसके बाद जवाबी हमला तेज किया और मोनिका के गोल से टीम ने मध्यांतर से पहले 3-2 की बढ़त बना ली। भारत ने मैच के दूसरे हाफ में खेल की गति को बढ़ाने पर ध्यान दिया और टीम को इसका फायदा भी मिला। मरियाना और मोनिका ने तीन मिनट के अंदर दो गोल कर मैच पर भारतीय पकड़ को मजबूत कर दिया। महिमा और नवजोत ने 28 मिनट में दो गोल कर भारतीय टीम की बढ़त को 7-2 कर दिया। भारतीय टीम का अगला मुकाबला जापान से है।

## सेरेना विलियम्स फिर बनी मां, एलेक्सिस ओहानियन ने दूसरे बच्चे को दिया जन्म

**वाशिंगटन।** दिग्गज टेनिस प्लेयर सेरेना विलियम्स दूसरी बार मां बन गई है। सेरेना के पति एलेक्सिस ओहानियन ने सोशल मीडिया पर पूरे परिवार की फोटो साझा कर लिखा है- आपका स्वागत है, आदिरा रिवर ओहानियन । मैं यह बताते हुए आभारी हूं कि हमारा घर



प्यार से भर गया है। एक खुश और स्वस्थ नवजात लड़की। एक खुश और स्वस्थ मां यहां हैं। मैं कृतज्ञ महसूस कर रहा हूं। @सेरेनाविलियम्स आपने अब मुझे एक और अतुलनीय उपहार दिया है - आप जीएमओएटी हैं। मेरी पत्नी और हमारी बेटी की देखभाल करने वाले सभी अद्भुत चिकित्सा कर्मचारियों को धन्यवाद। मैं उस पल को कभी नहीं भूलूंगा जब मैंने @olympiaohanian को उसकी छोटी बहन से मिलवाया था। उन्होंने अपनी पोस्ट को एक उद्धरण के साथ समाप्त किया: आपकी शांति एक नदी की तरह होती, आपकी भलाई समुद्र की लहरों की तरह होती।

## बीडब्ल्यूएफ विश्व चैंपियनशिप : एचएस प्रणय फाइनल में, विश्व के नंबर 1 विक्टर एक्सेलसन को हराया

**कोपेनहेगन।** एचएस प्रणय ने मौजूदा चैंपियन, दुनिया के नंबर 1 और मौजूदा पुरुष बैडमिंटन के निर्विवाद सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी विक्टर एक्सेलसन के खिलाफ शानदार जीत दर्ज कर अपना पहला बीडब्ल्यूएफ विश्व चैम्पियनशिप पदक पक्का कर लिया। 31 वर्षीय भारतीय ने अपने लगातार तीसरे क्वार्टरफाइनल में शीर्ष वरीयता प्राप्त डेनमार्क के एक्सेलसन को 13-21, 21-15, 21-16 से हराकर पहली बार सेमीफाइनल में प्रवेश किया।और भारत के लिए एक पदक पक्का कर दिया। यह मैच 68 मिनट तक चला। सफलता और परिमाण दोनों ही दृष्टि से यह प्रणय के करियर की



सबसे बड़ी जीतों में से एक है।

उनके पदक ने यह सुनिश्चित कर दिया कि 2011 के बाद से हर विश्व चैंपियनशिप में भारत के पदक जीतने का सिलसिला जारी रहेगा। दिन की शुरुआत में दूसरी वरीयता प्राप्त सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी-चिराग शेट्टी के बाहर होने के बाद प्रणय टूर्नामेंट में इकलौते भारतीय बचे हैं। बीडब्ल्यूएफ विश्व चैंपियनशिप में सेमीफाइनल में पहुंचने वाले खिलाड़ियों के पदक पक्के हैं।

अपने करियर के अब तक के सर्वश्रेष्ठ सीज़न का आनंद ले रहे नौवें वरीय प्रणय 68 मिनट तक चले मैच के दौरान लगातार, चतुर और संयमित रहे। एक गेम में पिछड़ने के बाद, जहां एक्सेलसन का दबदबा था, उन्होंने अपने प्रतिद्वंद्वी की गलतियों का फायदा उठाया और मौजूदा ओलंपिक और विश्व चैंपियन को हराने के लिए पूरी तरह से केंद्रित रहे। पहला, दूसरा तथा तीसरा गेम हारने के बाद वह फिर से एकजुट हुए और जीत के साथ वापसी की। फाइनल में जगह बनाने के लिए वह पिछले साल के रजत पदक विजेता और तीसरी वरीयता प्राप्त कुनलावुत विटिडसार्न से खेलेंगे।

## एमओसी ने तेजस्विन शंकर के लिए पोल वॉल्ट लैंडिंग पिट की खरीद को दी मंजूरी

**नई दिल्ली।** युवा मामले और खेल मंत्रालय (एमवाईएएस) के मिशन ओलंपिक सेल (एमओसी) ने आगामी एशियाई खेलों की तैयारी के लिए राष्ट्रमंडल खेलों के पदक विजेता तेजस्विन शंकर को जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में पोल वॉल्ट के लिए एक लैंडिंग पिट की खरीद के लिए वित्तीय सहायता को मंजूरी दे दी है। मंत्रालय की विज्ञप्ति




में कहा गया, 'तेजस्विन, जिन्होंने एशियाई खेलों 2022 की ऊंची कूद और डेकाथलॉन स्पर्धाओं के लिए क्वालीफाई किया है, अगले महीने एशियाई खेलों तक विशेष रूप से पोल वॉल्ट पिट का उपयोग करेंगे। प्रतियोगिता के बाद, जेएलएन स्टेडियम में अभ्यास करने वाले सभी एथलीटों द्वारा इस पिट का उपयोग किया जा सकता है। लैंडिंग पिट (10 मीटर × 6.8 मीटर × 81), पिट के लिए रेन कवर और उसके लिए शिपिंग लागत को टारगेट ओलंपिक पोडियम स्कीम (टॉप्स) फंडिंग के तहत कवर किया जाएगा। तेजस्विन के अलावा, एमओसी ने ब्राजील के रियो डी जनेरियो में पिस्टल शूटर राही सरनोबत के प्रशिक्षण और भागीदारी के लिए वित्तीय सहायता को भी मंजूरी दी है।

राही 2 सितंबर से रियो में प्रशिक्षण लेंगी, इसके बाद 19 सितंबर तक आईएसएसएफ रियो विश्व कप में भाग लेंगी। टॉप्स उन्हें और उनकी फिजियोथेरेपिस्ट ऐश्वर्या देशपांडे के हवाई किराया, बोर्डिंग/आवास शुल्क, स्थानीय परिवहन लागत, राही की रेंज, प्रशिक्षण शुल्क, हथियार भंडारण शुल्क, वीज़ा और बीमा शुल्क, और प्रवेश शुल्क सहित अन्य शुल्क का वहन करेगा।

टॉप्स यूरोप में बैरल परीक्षण और ग्रिप अनुकूलन के लिए राही के प्रस्तावों और म्यूनिख, जर्मनी में नील ग्रिप बनाने (पकड़ अनुकूलन) के लिए शूटर अभिदन्या अशोक पाटिल के अनुरोध को भी वित्तपोषित करेगा। राही के साथ, एमओसी ने आईएसएसएफ रियो विश्व कप में भाग लेने के लिए निशानेबाज एलावेनिल वलारिवन के प्रस्ताव को भी मंजूरी दे दी है। मंत्रालय ने कहा कि टॉप्स उनके विमान किराया, स्थानीय परिवहन लागत, ग्रिप अनुकूलन शुल्क, हथियार सर्विसिंग परिवर्तन, कस्टम शुल्क, गन परमिट शुल्क और गोला बारूद लागत सहित अन्य खर्चों को कवर करेगा।

टेबल टेनिस खिलाड़ियों स्वस्तिका घोष और पायस जैन के लिए टॉप्स 20 दिनों के लिए कोच क्वि जियान जियान के तहत जापान में कई टूर्नामेंट और प्रशिक्षण में उनकी भागीदारी के लिए धन देगा। पैडलर का हवाई किराया, आतिथ्य लागत और आवास लागत सहित अन्य खर्चों को भी कवर किया जाएगा।

## मप्र की पैरा कैनो खिलाड़ी प्राची ने रचा इतिहास, पेरिस पैरालंपिक के लिए किया क्वालीफाई

**भोपाल।** मध्य प्रदेश की होनहार पैरा कैनो खिलाड़ी प्राची यादव ने एक बार फिर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया है। प्राची ने जर्मनी के डुइसबर्ग में आयोजित पैरा कैनो वर्ल्ड चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन कर पेरिस पैरालंपिक के लिए क्वालीफाई कर लिया है। इसके अलावा पूजा ओझा ने अपने इवेंट में रजत पदक जीता है लेकिन यह पैरालंपिक इवेंट नहीं था। भारत के सभी टीम और खिलाड़ियों ने फाइनल तक पहुंचकर भारत का नाम रोशन किया है। इस चैंपियनशिप में पैरा इवेंट में 45 देशों की टीमें भाग ले रही हैं।



भारत की प्राची यादव केएल 2 ए इवेंट के फाइनल मुकाबले में पानी में उतरी थी, उन्होंने इसमें शानदार प्रदर्शन किया और चौथा स्थान पाया। प्राची भले ही पदक जीतने में सफल नहीं रही लेकिन वह पेरिस पैरालंपिक के लिए क्वालीफाई करने में सफल रही है। इस वर्ल्ड चैंपियनशिप में शीर्ष छह खिलाड़ियों को पैरालंपिक का टिकट मिलता है। प्राची इससे पहले टोक्यो पैरालंपिक में भी भारत का प्रतिनिधित्व कर चुकी है।प्राची ने अपनी इस उपलब्धि पर कहा कि मैं अपने प्रदर्शन से संतुष्ट हूं, थोड़ा और मेहनत करती तो पदक जीत सकती थी, अब नजरें एशियन गेम्स के दो पदकों पर हैं। पैरालंपिक के लिए एक साल का समय है। कड़ी मेहनत कर देश के लिए पदक जीतने का प्रयास करूंगी।

उन्होंने कहा कि पिछली वर्ल्ड चैंपियनशिप में 10वें स्थान पर रहते हुए टोक्यो का सफर तय किया था। टोक्यो में मैं आठवें स्थान पर रही थी, इस बार चौथे स्थान पर रहते हुए पेरिस जा रही हूं तो मेरा आत्मविश्वास बढ़ा है।

प्राची ने कहा कि भारतीय पैरा टीम के मुख्य कोच मयंक ठाकुर व मप्र अकादमी के कोच पीयूष कांति बरोई ने पूरा सहयोग दिया है। उल्लेखनीय है कि भारतीय टीम 19 अगस्त को भोपाल से रवाना हुई थी। भारतीय टीम ने भोपाल के छोटे तालाब पर लगभग दो माह तक प्रशिक्षण प्राप्त किया। भारतीय पैरा कयाकिंग एवं कैनाइंग के चेयरपर्सन और मुख्य कोच मयंक ठाकुर के मार्गदर्शन में टीम ने तैयारी की थी।

## विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप : नीरज चोपड़ा ने फाइनल के लिए किया क्वालीफाई

**बुडापेस्ट।** भारत के 'गोल्डन ब्वॉय' नीरज चोपड़ा ने हंगरी के बुडापेस्ट में प्रतिष्ठित विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप में पुरुषों के भाला फेंक फाइनल में अपना स्थान पक्का कर लिया है।

ग्रुप ए क्वालीफायर में रखे गए, ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता नीरज ने अपने पहले प्रयास में 88.77 मीटर का सीजन का सर्वश्रेष्ठ थ्रो दर्ज किया, जो 83.00 मीटर के क्वालीफाइंग मार्क को पार कर गया। इस जबरदस्त थ्रो के साथ, नीरज ने 2024 पेरिस ओलंपिक के लिए भी क्वालीफाई कर लिया है।विश्व के शीर्ष क्रम के भाला फेंक खिलाड़ी के रूप में चैंपियनशिप में जाने वाले नीरज




ने अपना दूसरा और तीसरा प्रयास नहीं किया। बुडापेस्ट 2023, विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप के 19वें संस्करण, में पुरुषों की भाला फेंक प्रतियोगिता फाइनल का क्वालीफाइंग कट 83.00 मीटर निर्धारित किया गया है। पिछले साल, 25 वर्षीय टोक्यो ओलंपिक पदक विजेता ने यूजीन में विश्व चैंपियनशिप में रजत पदक जीता था।नीरज पहले ही ओलंपिक, राष्ट्रमंडल खेल और एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीत चुके हैं। वह डायमंड लीग विजेता भी हैं। होने वाले फाइनल में कम से कम 12 खिलाड़ी उतरेंगे।

सत्ताईस भारतीय एथलीट बुडापेस्ट 23 में 15 स्पर्धाओं में प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं।विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप 19 से 27 अगस्त तक हंगरी की राजधानी बुडापेस्ट में आयोजित की जा रही है।

## पूर्व डब्ल्यूडब्ल्यूई चैंपियन विंडहैम रोटुंडा उर्फ ब्रे व्याट का 36 साल की उम्र में निधन

**वाशिंगटन।** पूर्व डब्ल्यूडब्ल्यूई चैम्पियन विंडहैम रोटुंडा, जिन्हें ब्रे व्याट के नाम से जाना जाता था, का महज 36 साल की उम्र में निधन हो गया।

चीफ कंटेंट अधिकारी पॉल 'ट्रिपल एच' लेवेस्क ने सोशल मीडिया पर रोटुंडा के निधन की जानकारी दी। लेवेस्क ने ट्वीट किया, अभी डब्ल्यूडब्ल्यूई हॉल ऑफ फेमर माइक रोटुंडा का फोन आया, जिन्होंने हमें दुखद खबर दी कि हमारे डब्ल्यूडब्ल्यूई परिवार के आजीवन सदस्य विंडहैम रोटुंडा - जिन्हें ब्रे व्याट के नाम से भी जाना जाता है - का आज अप्रत्याशित रूप से निधन हो गया। हमारी संवेदनाएं उनके परिवार के साथ हैं और हम उनके लिए प्रार्थना कर रहे हैं। इस समय हर कोई उनकी निजता का सम्मान कर रहा है।'

व्याट को प्रशंसकों के बीच उसी समय पहचान मिल गई जब उन्होंने अपनी 'व्याट फैमिली' से डेब्यू किया। ल्यूक हार्पर, एरिक रोवन और ब्रॉन स्ट्रोमैन के साथ, रोटुंडा ने एक उल्लेखनीय यात्रा शुरू की जो उन्हें विभिन्न डब्ल्यूडब्ल्यूई कार्यक्रमों के साथ-साथ सभी 'रेसलमेनिया' के सबसे भव्य मंच पर ले गई।

आरंभिक दिनों में, रोटुंडा ने अपने चरित्र को एक ऐसे व्यक्ति के रूप में स्थापित किया जो एक ताकतवर व्यक्ति था। 2014 में,




व्याट परिवार ने छह सदस्यीय टैग टीम प्रतियोगिता में 'शील्ड' पर कब्जा किया। 22 मिनट तक चली और दर्शकों को अपने पैरों पर खड़ा करने वाली प्रतियोगिता में, व्याट परिवार विजयी हुआ और हर गुजरते दिन के साथ रोटुंडा के करियर को नई ऊंचाइयों पर ले गया। अपने चरम पर पहुंचने के बाद अगले पांच साल उनके लिए अनुकूल नहीं रहे. उनकी लोकप्रियता धीरे-धीरे कम हो गई और इन वर्षों में व्याट परिवार बिखर गया। भले ही 2017 में, रोटुंडा ने पांच अन्य पुरुषों - जॉन सीना, एजे स्टाइल्स, द मिज़, डीन एम्ब्रोज़ और बैरन कॉर्बिन को हराकर डब्ल्यूडब्ल्यूई चैंपियनशिप जीती, फिर भी उनका करियर नीचे की ओर बढ़ने से नहीं रुका। लेकिन साल 2019 में, रोटुंडा ने तब सुर्खियां बटोरीं जब उन्होंने अपने किरदार को फिर से पेश किया और 'फीन्ड' के रूप में रिंग में आए।

## शुभंकर शर्मा अखिल भारतीय जूनियर गोल्फ चैंपियनशिप : केटेगरी ए में अरिंदम सुदन जीते

**नोएडा।** जेपी ग्रीन्स विशटाउन में करवाए गए शुभंकर शर्मा अखिल भारतीय जूनियर गोल्फ चैंपियनशिप श्रृंखला के दूसरे पड़ाव में 90 से अधिक एमेच्योर गोल्फरों ने भाग लिया। भारतीय गोल्फ संघ (आईजीयू) के तत्वावधान में करवाए गए इस एक दिवसीय टूर्नामेंट में लड़कों और लड़कियों की ए से ई तक 12 विभिन्न केटेगरी थीं।

नोएडा में आयोजित जूनियर गोल्फ चैंपियनशिप पांच शहरों की सीरीज का हिस्सा है जिसका फाइनल चंडीगढ़ में खेला जाएगा। फाइनल के विजेताओं को इस साल के अंत में अबू धाबी में भारत के टॉप पेशेवर गोल्फर में शामिल शुभंकर शर्मा के साथ खेलने का मौका मिलेगा। पार-67 कोर्स पर 18 होल में दो-ओवर 69 का कार्ड खेलने के बाद अरिंदम सुदन ने पहले प्लेऑफ होल में आर्यवीर खोड़ा को हराकर केटेगरी ए का खिताब जीता। लड़कियों के वर्ग में हुनर बरार ने 74 का कार्ड जमा कर खिताब जीता। करण मेहतो ने पांच



अंडर 62 का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए विक्रम सिंह पर एक स्ट्रोक की जीत के साथ एमेच्योर वर्ग की ट्रॉफी जीती।

**फाइनल के विजेताओं को इस साल के अंत में अबू धाबी में भारत के टॉप पेशेवर गोल्फर में शामिल शुभंकर शर्मा के साथ खेलने का मौका मिलेगा।**

जिया कोचर ने 74 का कार्ड खेलकर लड़कियों का खिताब अपने नाम किया। कार्तिक सिंह चार अंडर 63 के शानदार प्रयास के साथ केटेगरी बी में रणवीर मित्रू (65) और भावेश निर्वाण (65) को दो शॉट से हराकर विजेता बने। पर्णिका शर्मा ने लड़कियों का 'बी' खिताब जीतने के लिए एक अंडर 66 का रिकॉर्ड बनाया। केटेगरी सी में, अनी शंकर (73) ने चैतन्य पांडे (74) पर एक स्ट्रोक की जीत के साथ लड़कों का खिताब अपने नाम किया। 69 राउंड के बाद लड़कियों में शांभवी चतुर्वेदी ने बाजी मारी। शौर्यवीर नारायण (69) ने केटेगरी डी लड़कों का खिताब जीता, जबकि आन्या डंडरियाल (73) ने लड़कियों का खिताब जीता। केटेगरी ई नौ होल के लिए खेला गया जिसमें रेयांश अहलावत (35) विजेता बने। अविराज कालिया (37) उपविजेता रहे और भव्य रतन (46) दूसरे उपविजेता रहे। लड़कियों का ताज रेहाना मलिक ने जीता।

